अग्रसेन स्कूल ट्रस्ट का कार्यक्रम में माननीय अध्यक्ष का सम्बोधन

अग्रसेन हाई स्कूल के सभी ट्रस्टी, रमेश गुप्ता जी, राधेश्याम अग्रवाल जी, मोहन गुप्ता जी, सुनील अग्रवाल जी, वी.के.एस. गुप्ता जी, सुरेश मित्तल जी, यहाँ की प्राचार्य नीना … (अश्रव्य) जी, यहाँ उपस्थित सभी अतिथिगण, अध्यापकगण और मेरे प्यारे विद्यार्थियों।

पूना की इस ऐतिहासिक, शौर्य, वीरता, त्याग, संस्कार की धरती पर आप सभी बच्चों से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई है। पूना वह धरती है, जहाँ देश के हजारों नौजवान अच्छी शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा प्राप्त करके भारत के नव-निर्माण में अपना योगदान देते हैं।

आप सब विद्यार्थियों में मैं देख रहा हूं कि आपके कुछ सपने हैं, उन सपनों को पूरा करने के लिए आप में आत्मविश्वास है, जुनून है। यह सपना, आत्मविश्वास और जुनून आपके लक्ष्य को निश्चित रूप से पूरा करेगा। जीवन के प्रारंभिक दिनों के अंदर शिक्षा के साथ-साथ हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय होते हैं। उस समय हमारे जीवन की दिशा क्या है, लक्ष्य क्या है? जो विद्यार्थी बचपन में अपना लक्ष्य और दिशा तय कर लेता है तथा उस लक्ष्य पर लक्षभेदी छात्र के रूप में काम करता है, तो निश्चित रूप से उसका लक्ष्य पूरा होता है। मैं आपकी आंखों में सपने देख रहा हूं, निश्चित रूप से आपने एक अच्छे विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की है और संस्कार प्राप्त किए हैं। शिक्षा, संस्कार, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक ये जीवन में सर्वांगीण विकास के मंदिर हैं और इस मंदिर में आस्था और विश्वास रखते हुए आप इसी तरीके से आगे बढ़ते रहे।

मेरी आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बहुत-बहुत बधाई।